## भाग –III

(प्रश्न-संख्या 61-160)

61. यदि कोई शिक्षक किसी विद्यार्थी के प्रश्न का उत्तर देने में सक्षम नहीं है तो उसे कहना चाहिए कि
(1) वह परामर्श करने के बाद उत्तर देगा
(2) वह उत्तर नहीं जानता
(3) प्रश्न पाठ्यक्रम का भाग नहीं है
(4) प्रश्न गलत है

62. जो शिक्षक कक्षा में शिक्षार्थियों का ध्यान खींचने में सक्षम न हो उसे
(1) विद्यार्थियों की अनदेखी करनी चाहिए
(2) अपनी शिक्षण विधि का मूल्यांकन करना और इसे बेहतर बनाना चाहिए
(3) शिक्षण हेतु कक्षा परिवर्तन की प्रार्थना करनी चाहिए
(4) विद्यार्थियों को कक्षा में सचेत रहने के लिए कहना चाहिए

63. यदि किसी कक्षा में अधिकांश छात्र कमजोर हों तो शिक्षक को
(1) कमजोर विद्यार्थियों की अनदेखी करके सिर्फ मेघावी विद्यार्थियों पर ध्यान देना चाहिए
(2) अपने शिक्षण की गति धीमी रखनी चाहिए
(3) कमजोर विद्यार्थियों को अलग से टुयशन लेने के लिए कहना चाहिए
(4) मेधावी विद्यार्थियों को कुछ अतिरिक्त मार्गदर्शन देने के साथ-साथ अपने शिक्षण की गति धीमी रखनी चाहिए

64. एक शिक्षक को
(1) पढ़ाना शुरू करने से पहले पाठ का परिचय देना चाहिए
(2) अपनी भाषा पर पकड़ होनी चाहिए
(3) विद्यार्थियों को घर में पाठ की तैयारी करनी चाहिए
(4) विद्यार्थियों को खुद से पाठ पढ़ने के लिए कहना चाहिए

65. यदि आपके कुछ विद्यार्थी स्कूल में आपके साथ दुर्व्यवहार करते हैं तो आपको सबसे पहले
(1) उनके माता-पिता को बुलाकर उनके साथ चर्चा करनी चाहिए
(2) अपने खुद के चरित्र और छात्रवृत्ति द्वारा उनका आचरण सुधारना चाहिए
(3) अन्य शिक्षकों को इन विद्यार्थियों के खिलाफ एकजुट करना चाहिए
(4) प्रधानाध्यापक को इस घटना के बारे में सूचित करना चाहिए

66. यदि आपकी कक्षा के कुछ विद्यार्थी समझदारी का कोई चिह्न नहीं दिखाते तो आपको
(1) उन पर समय बर्बाद नहीं करना चाहिए
(2) उन्हें दंड देना चाहिए
(3) अपनी शिक्षण की विधि को बदलने का प्रयत्न करना चाहिए और फिर जांच करनी चाहिए
(4) उन्हें कक्षा में सचेत रहने के लिए कहना चाहिए



Scanned by CamScanner

67. एक विद्यार्थी की उपलब्धि की मानकों के साथ तुलना करने वाला मूल्य-निर्धारण कहलाता है

(1) अधिगम का मूल्य-निर्धारण
(2) अधिगम के रूप में मूल्य-निर्धारण
(3) अधिगम के लिए मूल्य-निर्धारण
(4) मूल्यांकन

68. UNCRC के अनुसार मोटे तौर पर बाल अधिकारों को प्रत्येक बच्चे के सभी नागरिक, राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों को अपने दायरे में लाने वाले __________ मोटे वर्गीकरणों में वर्गीकृत किया जा सकता है।

(1) चार (2) पांच (3) छह (4) सात

69. ______________ ने सिफारिश की थी कि किसी माध्यमिक शिक्षण के लिए प्रशिक्षण की लंबाई (अवधि) कक्षा 12 की पढ़ाई पूरी करने के बाद पांच वर्ष होनी चाहिए।

(1) चट्टोपाध्याय समिति (1983-85)
(2) कोठारी आयोग (1964-66)
(3) यशपाल समिति रिपोर्ट (1993)
(4) राष्ट्रीय शिक्षक आयोग (1983-85)

70. शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE) __________ को लागू किया गया भारत की संसद का एक अधिनियम है।

(1) 4 जुलाई 2008 (2) 4 अगस्त 2008 (3) 4 जुलाई 2009 (4) 4 अगस्त 2009

71. मूल्यांकन का उद्देश्य होता है

(1) बच्चों को 'धीमा सीखने वाले' या 'होशियार बच्चे' के रूप में पहचान या अंकित करना
(2) ऐसे बच्चों की पहचान करना जिन्हें सुधार की जरूरत है
(3) सीखने में परेशानियों और समस्या क्षेत्रों का निदान करना
(4) इनमें से कोई नहीं

72. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचा 2005 के अनुसार ________ से अधिक का शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात स्कूली शिक्षा के किसी भी स्तर पर वांछनीय नहीं है

(1) 1:20 (2) 1:25 (3) 1:30 (4) 1:35

73. हुनर (कौशल) आधारित अधिगम उद्देश्यों को कवर करने के लिए एक शिक्षक को शुरू में ________ का प्रयोग करना चाहिए।

(1) मॉडलिंग/प्रदर्शन
(2) व्याख्यान
(3) प्रश्न पूछना और चर्चा करना
(4) खोज अधिगम



Scanned by CamScanner

74. अच्छे शिक्षक प्ररूपी तौर पर प्रदर्शित करते हैं

(1) अपनी शिक्षण विधियों में सख्ती (दृढ़ता)

(2) ठोस व्यावसायिक (पेशेवर) ज्ञान और कौशल

(3) अपनी पाठ योजनाओं और पाठ्यचर्या में पूर्वसूचनीयता

(4) कक्षा के प्रत्येक पहलू पर पकड़ (नियंत्रण)

75. निम्नलिखित में से क्या कक्षा के लिए सबसे उपयुक्त शिक्षण कार्यनीति है?

(1) प्रत्येक विद्यार्थी के बजाय सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों की जरूरतों पर फोकस करना

(2) खुद को अपने विद्यार्थियों की जगह रखना और वे आपको कैसा मानते हैं और इस बारे में सोचना

(3) शिक्षण में केवल शैक्षणिक पहलू शामिल होने चाहिए न कि सामाजिक या सांस्कृतिक पहलू

(4) विद्यार्थियों से हमेशा पूर्ण सहयोग की आशा करना

76. मौजूदा (चालू) शैक्षणिक अनुसंधान निम्नलिखित में से किस अनुदेशात्मक दृष्टिकोण के प्रयोग का समर्थन करता है?

(1) प्रेक्षण (अवलोकन)

(2) केवल रचनाशीलता

(3) केवल प्रत्यक्ष अनुदेश

(4) रचनाशील और प्रत्यक्ष अनुदेश का एक संयोजन

77. ________________ ने ऐसे विद्यार्थियों का वर्णन करने के लिए 'मेधावी' (प्रतिभासंपन्न) शब्द का प्रयोग किया जो बुद्धिमता परीक्षणों में उत्कृष्ट परिणाम के साथ उत्तीर्ण (पास) हुए।

(1) मैमी क्लार्क (2) विलियम जेम्स (3) जॉन डेवी (4) लेता हॉलिंग्सवर्थ

78. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

विद्यार्थियों में टीम-निर्माण का हुनर तैयार करने और इसके लिए प्रोत्साहन देने के लिए एक शिक्षक को

(1) विद्यार्थियों की टीम को समस्या वाली स्थितियों को स्वतंत्र रूप से सुलझाने देना चाहिए

(2) विद्यार्थियों को बेहतर श्रोता बनने में मदद करनी चाहिए

(3) विद्यार्थियों को एक टीम के हिस्से के रूप में एक आम उत्पाद में योगदान करने में कुछ अभ्यास कराना चाहिए

(4) समूह का एक लीडर होने के महत्व और अलग-अलग भूमिकाओं के बारे में चर्चा करनी चाहिए



Scanned by CamScanner

79. यदि आपकी कक्षा का कोई विद्यार्थी कक्षा में पढ़ाते समय आपकी किसी गलती के बारे में बताता है तो आप

(1) उसे अनदेखा करेंगे और आगे बढ़ जाएंगे

(2) एक बड़ी गलती करने के लिए खेद महसूस करेंगे

(3) छात्र को चुप रहने के लिए कहना चाहिए

(4) छात्र को पढ़ाई में बाधा डालने के लिए डांटना चाहिए

80. यदि आपकी कक्षा में विद्यार्थी उपस्थित नहीं होते तो एक शिक्षक के तौर पर प्राथमिकता से आप क्या करेंगे

(1) विद्यार्थियों के मौजूदा रवैए पर विचार करते हुए चुप रहेंगे

(2) प्रधानाचार्य को सूचित करेंगे

(3) शिक्षण की किन्हीं रोचक विधियों का प्रयोग करने के बारे में सोचेंगे

(4) कारण जानेंगे के लिए विद्यार्थियों से बात करेंगे

81. एक असरदार (प्रभावी) शिक्षक से उम्मीद की जाती है कि

(1) वह छात्रों के चिंता के स्तर को घटाकर संयमित स्तर तक लाए

(2) वह छात्रों को पहल करने के लिए प्रोत्साहित करे

(3) वह छात्रों से सख्त रहें

(4) वह छात्रों के साथ दोस्ताना संबंध रखे

82. किसी स्कूल/कॉलेज में शिक्षा की गुणवत्ता की माप __________ के माध्यम से की जा सकती है।

(1) उपलब्ध जनशक्ति, शिक्षकों और प्रधानाध्यापक की गुणवत्ता

(2) उपलब्ध ढांचागत सुविधाओं

(3) विद्यार्थियों की उपलब्धि

(4) अनुशासन

83. एक शिक्षक ____________ से सबसे ज्यादा सीखता है।

(1) पुस्तकों (2) प्रधानाध्यापक (3) सार्थियों (4) विद्यार्थियों

84. यदि कोई विद्यार्थी लंबे समय तक कक्षाओं से अनुपस्थित रहता है तो आप

(1) उसकी अनुपस्थिति का कारण जानने का प्रयत्न करेंगे

(2) उदासीन रहेंगे और इसमें कोई रूचि नहीं दिखाएंगे

(3) अन्य विद्यार्थियों से इसका कारण पता लगाने के लिए कहेंगे

(4) उसके माता-पिता को बुलाएंगे

Scanned by CamScanner

85. बच्चों के विकास के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(1) यह विकास के एक निश्चित पैटर्न पर चलता है

(2) यह सामान्य से विशिष्ट विकास की तरफ जाता है

(3) शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास एक-दूसरे से जुड़े होते हैं

(4) शुरूआती विकास की तुलना में बाद के चरण का विकास ज्यादा महत्वपूर्ण होता है

86. जिन बच्चों का गठन __________ होता है उनके शरीर का ढांचा थुलथुल (शिथिल) होता है।

(1) अंत:रूपी

(2) मध्योद्भिदीय

(3) लंबाकृतिक

(4) सहज रूप से ऐथलेटिक

87. किस शुरूआती अनुसंधानकर्ता ने ऐसी चीजों के द्वारा व्यवहार (आचरण) संबंधी अनुसंधान का अध्ययन शुरू किया कि बिल्लियां कैसे लकड़ी के एक पिंजरे की कैद से निकल भागना सीख सकती हैं?

(1) ज्यां पियाजे

(2) बी एफ स्किनर

(3) इवान पाव्लोव

(4) एडवर्ड थॉर्नडाइक

88. किस प्रसिद्ध दर्शनशास्त्र विद्वान का यह कथन है कि, ''मनुष्य केवल शिक्षा द्वारा मनुष्य बन सकता है''?

(1) डेविड ह्यूम

(2) इमैन्युएल कांत

(3) जॉर्ज बर्कले

(4) जॉन लॉक

89. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन वाइगोंट्सकी के विकास के सिद्धांत से जुड़ा नहीं है?

(1) सामाजिक अंत:क्रिया बौद्धिक विकास के लिए अनिवार्य होता है

(2) बौद्धिक विकास के चरणों को सामाजिक अंत: क्रिया और सहयोग (समर्थन) द्वारा त्वरित किया जा सकता है

(3) बौद्धिक विकास, सामाजिक विकास का एक परिणाम है

(4) सामाजिक विकास, बौद्धिक विकास का एक परिणाम है

90. कक्षा में पढ़ाते समय किसी शिक्षक को निम्नलिखित में से किस बात से बचना चाहिए?

(1) कक्षा के दौरान ऐसे प्रश्न पूछना जिनके लिए सिद्धांतों का पाठ करने के बजाय प्रयुक्ति अपेक्षित होती है

(2) ऐसे मामूली (तुच्छ) प्रश्न न पूछना जिनके लिए रटकर याद करके आसानी से उत्तर दिया जा सकता है

(3) गलत उत्तरों के लिए श्रेय (क्रेडिट) देना जिनके साथ सचमुच युक्तिसंगत व्याख्याएं होती हैं

(4) इनमें से कोई नहीं



Scanned by CamScanner